मध्य प्रदेश में रुग्ण कपड़ा मिलों को केन्द्रीय सहायता

3483. **श्रीमती रत्न कुमारी :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत दो वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा मध्य प्रदेश में रुग्ण कपड़ा मिलों को दी गई सहायता का मिल-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या 1988-89 के दौरान मध्य प्रदेश में रुग्ण कपड़ा मिलों को वित्तीय सहायता देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रफ़ीक आलम) : (क) केन्द्रीय सरकार रुग्ण वस्त्र मिलों को अलग-अलग सीधे वित्तीय सहायता प्रदान नहीं करती है।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) को देखते हुये ये प्रश्न नहीं उठते।

मध्य प्रदेश में ग्रामीण बैंक

3484. **श्रीमती रत्न कुमारी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय मध्य प्रदेश में कार्यरत ग्रामीण बैंकों की संख्या कितनी है ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान-उपर्युक्त बैंकों के लाभ/हानि लेखाओं का वर्षवार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) 1988-89 के दौरान मध्य प्रदेश में ऐसे कितने बैंक खोलने का विचार है और ऐसे बैंक किन-किन स्थानों पर खोलने का विचार है ?

वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फलेरियो) : (क) इस समय मध्य प्रदेश राज्य में 24 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कार्यरत हैं।

(ख) उक्तक्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के वर्ष 1985, 1986 और 1987 के लाभ-हानि लेखे विवरण में दिखाये गये हैं (नीचे देखिये)।

(ग) सरकार का वर्ष 1988-89 के दौरान, मध्य प्रदेश में कोई नया क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक खोलने का विचार नहीं है

विवरण

मध्य प्रदेश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लाभ-हानि लेखाओं की स्थिति

(लाख रुपये में)

क्रमसं.	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का नाम	1985	1986	1987
		लाभ (+) हानि (-)	लाभ (+) (हानि (-)	लाभ (+) हानि (-)
1	2	3	4	5
1	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, होसंगाबाद	(-) 46.48	(-) 41.90	(-) 47.01
2	बिलासपुर-रायपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(-) 46.66	(-) 100.53	(-) 129.00
3	रीवा-सीधी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(-) 7.41	(-) 5.21	(-) 1.16

1	2	3	4	5
4	बुंदेलखंड क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 31.65	(–) 30.87	(–) 27.49
5	शारदा ग्रामीण बैंक	(–) 15.05	(–) 24.60	(–) 29.40
6	सरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 13.08	(–) 29.72	(–) 70.02
7	बस्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 33.63	(–) 28.95	(–) 23.00
8	दुर्ग-राजनन्दगाव क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 28.68	(–) 22.97	(–) 15.72
9	झबुआ–धार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 11.99	(–) 15.39	(–) 23.00
10	रायगढ़ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 27.10	(–) 30.00	(–) 35.29
11	शिवपुरी-गुना क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 23.28	(–) 16.66	(–) 34.70
12	दमोह-पन्ना-सागर क्षेत्र ग्रामीण बैंक	(–) 47.24	(–) 42.79	(–) 46.00
13	देवास–शाजापुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 19.02	(–) 18.86	(+) 23.24
14	निमाड़ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 18.02	(–) 16.37	(–) 28.76
15	मंडला–बालाघाट क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 16.21	(–) 16.39	(–) 20.27
16	छिन्दवाड़ा–सिवनी, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 13.96	(–) 7.48	(–) 6.31
17	राजगढ़ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 14.01	(–) 15.44	(–) 16.31
18	सहडोल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 6.30	(–) 10.37	(–) 16.58
19	रतलाम–मंदसौर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 6.08	(–) 6.48	(–) 13.86
20	चम्बल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 7.60	(–) 10.89	(–) 8.44
21	महाकौशल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(–) 0.85	(–) 8.22	(–) 16.08

1	2	3	4	5
22	इंदौर–उज्जैन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक . . .	(–) 0.14	(+) 0.05	(–) 2.67
23	ग्वालियर–दतिया क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक . . .	(–) 0.27	(+) 2.73	(–) 4.99
24	विदिशा–भोपाल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक . .	( )	(+) 1.25	(+) 0.80
	कुल लाभ	(+)	(+) 9.24	(+) 25.20
	हानि	(–) 434.71	(–) 494.88	(–) 614.90

Export Commitments

3485. SHRI SURESH KALMADI: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that in an attempt to prove that export commitments are adhered to, companies often opt to route exports that were being despatched by other companies through their companies and as a result thereof despite export obligations of enormous volume and value, little growth has been registered in our national capacity to export;

(b) whether Government are aware of this loophole in the export obligation rule;

(c) whether steps are being initiated to correct this anomaly; and

(d) if so, what is the estimated loss of potential incremental exports on account of such gaps in Policy implementation?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. R. DAS MUNSHI): (a) No' Sir. Export Obligations imposed by Foreign Collaborations, Letters of Intent, Industrial Licences and import of Capital Goods are to be fulfilled only by export of own manufacturers. Manufacturer exporteds who avail of the facility of advance licence also can export only their own manufactured products for fulfilment of export obligation. Only in the case of merchant exporters using Advance Licence Scheme it is possible to fulfil export obligation with products of specified supporting manufacturers. In such circumstances, there is no possibility of diversion of exports of other companies to fulfil export obligation receiving the exempt imported material.

(b) to (d) Do not arise.

शीतल पेय के उत्पादकों के लिए उत्पाद शुल्क में राहत

3486. श्री सत्य प्रकाश मालवीय: क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शीतल पेयों का उत्पादन करने वाले लघु क्षेत्र के औद्योगिक एककों ने एक ज्ञापन दिया है, यदि हां, तो सरकार ने इस पर क्या कार्यवाह की है ; और

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क में बेतहाशा वृद्धि किय जाने से शीतल पेय बनाने वाले लघु औद्योगिक एकक बन्द हो जाने के कगार पर है और उनकी वित्तीय